(ख) इस कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं पर यह निर्भर होगा। राज्य सरकारों से इन योजनाओं की प्रतीक्षा की जा रही हैं।

### अपरिष्कृत (क्रूड) तेल

*१६२६. श्री आर० एस० तिवारी: क्या उत्पादन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आसाम की ब्रह्मपुत्र घाटी में स्थित नहोरकटिया से जलाने का अपरिष्कृत तेल निकाला जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो प्रति दिन कितने पीपे (बैरल) तेल निकाला जाता है;

(ग) इस अपरिष्कृत तेल का अनुमानित मूल्य क्या है; और

(घ) सरकार को इस से प्रति मास कितना लाभ होता है?

**निर्माण, आवास और सम्भरण मंत्री (सरदार स्वर्ण सिंह)**: (क) नहोरकटिया के कुओं से क्रूड आयल निकाला जा रहा है।

(ख) प्रति दिन लगभग १,५०० पीपे Barrels)

(ग) लगभग १५ रुपये प्रति पीपा (Barrel)

(घ) नहोरकटिया में तेल निकालने का काम एक गैरसरकारी कम्पनी कर रही है इसलिए सरकार को कोई व्यापारिक लाभ नहीं होता।

### निष्क्राम्य सम्पत्ति की बिक्री

*१६२७. श्री भागवत झा आजाद: क्या पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने बड़े बड़े शहरों के सारे निष्क्राम्य घरों को बेचने का निर्णय कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या यह निर्णय सभी प्रकार की निष्क्राम्य अचल सम्पत्तियों पर भी लागू होगा?

**पुनर्वास उपमंत्री (श्री जे० के० भोंसले)**: (क) और (ख)। इस सम्बन्ध में जो निर्णय होगा उसका समावेश विस्थापित व्यक्ति (प्रतिकर तथा पुनर्वास) अधिनियम के अन्तर्गत बनाए जाने वाले नियमों में किया जाएगा। नियमों का आलेख अधिनियम की धारा २१ के अधीन बने हुए मंत्रणा बोर्ड को परामर्श के लिए भेज दिया गया है।

### INDIAN INFORMATION AND BROADCASTING SERVICES

*1639. **Shri Wodeyar:** Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to refer to the answer given to starred question No. 1469 on the 29th September, 1954 and state:

(a) whether any decision has since been taken on the number of persons to be absorbed in the proposed Indian Information Service and the Indian Broadcasting Service; and

(b) the basis on which the persons will be selected for absorption in these services?

**The Minister of Information and Broadcasting (Dr. Keskar)**: (a) and (b). As stated in reply to starred question No. 1469, dated 29th September, 1954 there is no proposal of introducing or forming any all-India information or Broadcasting Service. The scheme of organising posts of like nature on the information and news side in the several media units under this Ministry, *viz.* Press Information Bureau, Publications Division and News Services Division of All India Radio into one or more cadres is under examination in consultation with the authorities concerned.

Similarly a scheme for the formation of a Programme Cadre and Engineering Cadre of the All India Radio official staff is also under examination.

No final decision has been taken regarding the strength of the proposed cadres or the details of the recruitment procedures.